पाठ–20

# आओ खेलें मिट्टी से

कमला अपने भाई के साथ मिट्टी लाकर घरौंदा बना रही थी। तभी उसकी सहेली सलमा आ पहुँची।

**सलमा –** क्या बना रही हो, कमला ?

**कमला –** घरौंदा बना रही हूँ।

**सलमा –** मुझे घरौंदा बनाना सिखाओ ना।



© SCERT BPC NOT TO BE PUBLISHED WEBCOPY

**कमला –** हाँ–हाँ क्यों नहीं। थोड़ी–सी मिट्टी लो। उसमें पानी डालकर मिट्टी को गूँधो। इस गूँधी हुई मिट्टी से दीवारें बनाओ।

कमला और सलमा दोनों सहेलियाँ घरौंदे बनाने लगीं।

बताइए–

1. क्या आपने मिट्‌टी का घरौंदा बनाया है?

_______________________________________________

2. आपके घर में मिट्‌टी से बनी कौन–कौन सी चीजें हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

3. आपके घरों में मिट्‌टी के बरतन किस–किस काम में आते हैं?

_______________________________________________

_______________________________________________



## पता कीजिए—

4. कुम्हार के घर जाइए और देखिए कि घड़ा तैयार करने के लिए उसे क्या–क्या तैयारी करनी पड़ती है?

__________________________________________________

__________________________________________________

__________________________________________________

__________________________________________________

5. कुम्हार मिट्टी की चीजें कैसे बनाते हैं यह नीचे लिखा गया है। पर इसका क्रम सही नहीं है। क्रम को सही कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| बने बर्तन को सुखाना | ○ | मिट्टी खोदकर लाना | ○ |
| पके बर्तन में रंग लगाना और बाजार में जाना | ○ | सूखे बर्तनों को आग में पकाना | ○ |
| चाक पर बर्तन बनाना | ○ | मिट्टी तैयार करना। | ○ |

6. आपके गाँव में लोग क्या–क्या काम करते हैं, इनको तालिका में लिखिए, इन कामों को करनेवाले लोगों को क्या कहा जाता है? इनके नाम भी लिखिए।

| क्र.सं. | काम | इन्हें कहते हैं। |
|---|---|---|
| 1. | मिट्टी के बर्तन बनानेवाले | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |



7. ऊपर बने चित्र के आधार पर नीचे की तालिका को पूरा कीजिए।

| मिट्टी की बनी चीजें | लकड़ी की बनी चीजें | लोहे की बनी चीजें |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

8. सही शब्दों को चुनकर खाली जगह भरिए–

दर्जी, किसान, डॉक्टर, शिक्षक

1. जो खेत में अन्न उगाता है। ————————————
2. जो ईलाज करता है। ————————————
3. जो विद्यालय में पढ़ाते हैं। ————————————
4. जो कपड़ा सिलता है। ————————————

## कुछ करें :

शिक्षक बच्चों को चार–चार के समूह बनाकर तालाब, खेत, बगीचे, मैदान, नदी और सड़क की ओर ले जाएँ। अलग–अलग जगह से मिट्टी के नमूनों को इकट्ठा कीजिए। वापस कक्षा में आकर मिट्टी के इन नमूनों को देखकर मिट्टी के रंग व उसके दूसरे गुणों की पहचानकर उन्हें दी गई तालिका में भरिए।

| स्थान का नाम | छूकर देखने पर | | | मिट्टी का रंग |
|---|---|---|---|---|
| | खुरदुरी | चिकनी | रेतीली | |
| खेत | | | | |
| बगीचा | | | | |
| मैदान | | | | |
| तालाब | | | | |
| नदी | | | | |
| सड़क | | | | |

© BSTBPC WEBCOPY, NOT TO BE PUBLISHED

**हम लोगों ने अब तक मिट्टी, जल, पेड़–पौधें, जीव–जन्तु, परिवार और दोस्तों के बारे में बातचीत की। इन सब से मिलकर हमारा पर्यावरण बनता है। इनके साथ अपना मजबूत संबंध होना चाहिए। यह हमारे विकास के लिए आवश्यक है। पर्यावरण को अगर क्षति पहुँचती है तो हमें भी क्षति होगी।**

CCC